पास्टर सरोजा म.

संपादक के नोट

मेरे प्रिय पाठकों, मैं इस पत्रिका द्वारा एक आनंद–भरे हृदय से एक और बार तुम्हारा अभिवादन करती हूँ। मार्च के महिने में हमने हमारे कलिसिया और सभागार में एक अद्भुत समय पाया जहाँ परमेश्वर का अद्भुत और सामर्थ भरा वचन परमेश्वर के अभिषिक्त सेवक बिषप प्रकाश और पास्टर ब्यूला द्वारा प्रचार किया गया। मैं विश्वास करती हूँ कि पवित्र आत्मा का सामर्थ भरा उपस्थिति हम सभी को विश्वास में विकसित होने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

२ पतरस १रू१ कहता है – **शमौन पतरस की ओर से, जो येशु मसीह का दास और प्रेरित है, उन लोगों के नाम जिनको हमारे परमेश्वर, उद्धारकर्ता येशु मसीह की धार्मिकता द्वारा हमारे ही समान बहुमूल्य विश्वास प्राप्त हुआः**

विश्वास एक ऐसा मज़बूत सामर्थ है जिसके द्वारा हम परमेश्वर से सारी चीज़े प्राप्त कर सकते हैं। विश्वास द्वारा –

अ) – हम उद्धार के लिए अनुग्रह प्राप्त कर सकते है। **इफिससियों २रू८** कहता है, – **क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है – और यह तुम्हारी ओर से नहीं वरन् परमेश्वर का दान है।**

ब) – केवल विश्वास द्वारा हम बपतिस्मा प्राप्त करते हैं। **मरकुस १६रू१६** कहता है, **जो विश्वास करे और बपतिस्मा ले वह उद्धार पाएगा, परन्तु जो विश्वास न करे वह दोषी ठहराया जाएगा।**

क) केवल विश्वास द्वारा हम पवित्र आत्मा प्राप्त कर सकते हैं जैसे **यूहन्ना ७रू३८** कहता है – **जो मुझ पर विश्वास करता है, जैसा कि पवित्रशास्त्र में कहा गया है, "उसके हृदय में से जीवन के जल की नदियाँ बह निकलेंगी।"**

जिन लोगों में विश्वास है, वे किसी भी वस्तु से भय–भीत नहीं होंगे। बाईबल कहता है **भजन संहिता २३रू४** में, **चाहे मैं मृत्यु के घोर अन्धकार की तराई में होकर चलूं, फिर भी**

हानि से न डरूंगा, क्योंकि तू मेरे साथ रहता है; तेरी छड़ी और तेरी लाठी से मुझे शानति मिलती है।

जब हम परमेश्वर के वचन को बार–बार पढ़ते हैं तब हमारा विश्वास बहुतायत रीति से बढ़ता है।

हमारे विश्वास का परिक्षण हमेशा होगा। जैसे **१ पतरस १**रू७ में कहता है, **कि तुम्हारा विश्वास – जो आग में ताए हुए नश्वर सोने से भी अधिक बहुमूल्य है – परखा जाकर येशु मसीह के प्रकट होने पर प्रशंसा, महिमा, और आदर का कारण ठहरे।**

शैतान हमेशा विश्वासियों के विश्वास को तोड़ने की कोशिश करेगा। अनुभव द्वारा पौलुस कहता है, जीवन की दौड़ के अंत में, एक अच्छी लड़ाई के साथ, मैंने विश्वास रखा है। **२ तीमुथियुस ४**रू७ **– मैं अच्छी कुश्ती लड़ चुका हूँ, मैंने अपनी दौड़ पूरी कर ली है, मैंने विश्वास की रक्षा की है।**

कितना अच्छा गवाही है यह! यहाँ "अचछी लड़ाई" का अर्थ है "विश्वास के माध्यम से विजय प्राप्त करना।"

शैतान ने अय्यूब के विश्वास को नाष करने की कोशिष की। उसने पहले उसके धन को नष्ट किया, और फिर उसने उसके बच्चों को नष्ट किया और अंत में उसके शरीर में बीमारी लाया। फिर भी, अय्यूब अपने विश्वास में कायम रहा और अंत में शैतान की सारी योजनाएं नष्ट हो गईं।

बाईबल स्पष्ट रूप से **इब्रानियों ११**रू**६** में कहता है, **विश्वास के बिना उसे प्रसन्न करना असम्भव है, क्योंकि जो कोई परमेश्वर के पास आता है, उसके लिए यह विश्वास करना आवश्यक है कि वह है, और अपने खोजने वालों को प्रतिफल देता है।**

परमेश्वर के प्रिय बच्चों – वादे के अनुसार परमेश्वर के राज्य को प्राप्त करने के लिए, अपने आपको तुरंत तैयार करना शुरू कर दो, और विश्वास में बढ़ो। **प्रेरितों के काम** १४रू२२ कहता है, **और चेलों के मनों को स्थिर करते और विश्वास में स्थिर बने रहने के लिए यह कह कर प्रोत्साहित करते रहे, "हमें बड़े क्लेश उठा कर परमेश्वर के राज्य में प्रवेश करना है।"**

मेरे प्रिय मित्रों और पाठकों: तुम्हरी समस्याएं चाहे जो भी हो, अपने आसपास न देखो, केवल परमेश्वर को देखो, क्योंकि, वह हमारे विश्वास का लेखक और अंत का रचईता है।

परमेश्वर तुम्हे आशीष दे जब तक की हम फिर मिले।

पास्टर सरोजा म.